## तीर्थ यात्रा योजना 25 जून को

**बीकानेर,** देवस्थान विभाग की वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के अंतर्गत विशेष रेलगाड़ी बीकानेर से गंगासागर कोलकाता वाया जयपुर भरतपुर ट्रेन 25 जून को सुबह 11 बजे बीकानेर रेलवे स्टेशन से रवाना होगी।

देवस्थान विभाग के सहायक आयुक्त ओम प्रकाश पालीवाल ने बताया कि इस ट्रेन में बीकानेर संभाग के 400 यात्री यात्रा में सवार होंगे। जयपुर रेलवे स्टेशन से अलवरए सीकर एवं झुंझुनू जिले के 340 यात्री एवं भरतपुर संभाग के 234 यात्री सहित कुल 974 यात्रियों को तीनों रेलवे स्टेशन पर पहुंचने के लिए निर्देशित किया गया है।

उन्होंने बताया कि यात्रियों को बीकानेर रेलवे स्टेशन पर सुबह 7 बजे जयपुर रेलवे स्टेशन पर नंबर 12.30 बजे भरतपुर रेलवे स्टेशन पर पर 3.30 बजे रिपोर्ट करना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि सभी चयनित तीर्थ यात्रियों को दूरभाष एवं संदेश के माध्यम से सूचित किया जा रहा है।

यात्रियों को यात्रा के दौरान अपने साथ ऑनलाइन भरे गए आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी मूल जनाधार आधार कार्ड दो पासपोर्ट साइज फोटो साथ लेकर आना अनिवार्य होगा।

# ऊर्जा मंत्री ने हदां में किया नए पुलिस थाने का उद्घाटन



ऊर्जा मंत्री भंवर सिंह भाटी ने थाने का उदघाटन किया।

**बीकानेर** 12 जून। ऊर्जा मंत्री भंवर सिंह भाटी ने कहा कि अपराधियों में पुलिस का भय और आमजन में विश्वास बना रहे इसके लिए पुलिसकर्मी अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करें।

ऊर्जा मंत्री ने सोमवार को हदां में नवीन पुलिस थाने के उद्घाटन अवसर पर यह विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की 2023 की बजट घोषणा में हदां में नवीन पुलिस थाना स्वीकृत हुआ। इस थाने से आस-पास के 50 गांव जुड़ेंगे। इससे पुलिस तंत्र और अधिक मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 की बजट घोषणा में रणजीतपुरा में पुलिस थाना खोला गया था। कोलायत भौगोलिक दृष्टि से लंबा क्षेत्र है इसके मद्देनजर मॉनिटरिंग करने के लिए यह थाना खोला जाना भी जरूरी था।

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि पीडित व्यक्ति को हर हालत में न्याय मिलना चाहिए। थाने में आने वाले प्रत्येक परिवादी को धैर्य से सुनें। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा कि क्षेत्र में घटने वाली अवांछनीय गतिविधियों की पुलिस को जानकारी दें जिससे क्षेत्र में कानून व्यवस्था का सही ढंग से संधारण हो सके। उन्होंने कहा कि यह इलाका सीमावर्ती क्षेत्र हैए इसलिए कुछ अवांछनीय गतिविधियां नहीं हो। उन्होंने कहा कि पुलिस जनता की सहायता के लिए है। इसमें किसी प्रकार की कमी नहीं आए। उन्होंने कहा कि कोलायत विधानसभा क्षेत्र में कुल 6 पुलिस थाने हो गए हैं।

उन्होंने हदां में हुए विकास कार्यों की जानकारी दी और कहा कि यह गांव 15 ग्राम पंचायतों का केंद्र बिंदु है। इसलिए यहां कॉलेज हॉस्पिटल थाना सहायक अभियंता विद्युत विभाग के कार्यालय खोले गए हैं। साथ ही 132 केवी जीएसएस स्वीकृत हुआ है। इसका निर्माण शीघ्र ही हो जाएगा। उन्होंने बताया कि हदां में पंचायत समिति स्वीकृत हो चुकी है और इसे तहसील का दर्जा मिल चुका है। इस गांव से काफी सड़कें जुड़ी हुई है। इस दौरान उन्होंने राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और कहा कि महंगाई राहत शिविरों में आमजन अपना पंजीकरण करवाएं। आईजी ओम प्रकाश ने बताया कि पुलिस प्रशासन कोलायत क्षेत्र में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने की कोशिश करेगा। जिला पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम ने बताया कि बजट घोषणा 2023 में हदां के पुलिस स्टेशन की स्वीकृति मिली थी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एवं ऊर्जा मंत्री भंवर सिंह भाटी के प्रयासों से हदां में नवीन पुलिस थाना का स्वीकृत हुआ। श्री कोलायत का क्षेत्र बड़ा होने के कारण से बेहतर पुलिसिंग की आवश्यकता है।

## सार-समाचार

### संभाला कार्यभार

**बीकानेर, ( कासं )।** बाल कल्याण समिति के नव मनोनीत अध्यक्ष जुगल किशोर व्यास सहित सभी सदस्यों ने सोमवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया। पूर्व अध्यक्ष डॉ किरणसिंह ने एड् व्यास को कार्यभार सौंपा। साथ ही हाज़रा बानो जन्मेजय व्यास व सुनीता कड़वासरा ने भी नई समिति के रूप में कार्य ग्रहण किया। इस अवसर पर पूर्व समिति सदस्य सरोज जैन हर्षवर्धन सिंह भाटी व आईदान भी उपस्थित थे। जिन्होंने अपना कार्यभार नये सदस्यों को सौपा। किशोर न्याय बोर्ड के सदस्यों अरविन्द सिंह सेंगर व किरण गौड़ ने भी अधिकारिता विभाग के आदेश के तहत दोबारा कार्यभार ग्रहण किया।

### रिले रूम का निरीक्षण किया

**बीकानेर, ( कासं )।** रेल मंडल पर चल रहे संरक्षा संवाद अभियान के तहत मंडल रेल प्रबंधक गीतिका पांडे ने रविवार रात को लालगढ़ स्टेशन स्थित रिले रूम का निरीक्षण कर इलेक्ट्रॉनिक सिग्नल प्रणाली के रखरखाव करने वाले कर्मचारियों से संवाद किया। उन्होंने सामान्य उपकरणों के साथ अग्निशामक यत्रों का भी परीक्षण करवाया। कर्मचारियों को इमानदारी से कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करने के साथ उन्होंने कर्मचारियों से संरक्षित रेल संचालन को सुदृढ़ करने के लिए उनसे सुझाव भी मांगे। उन्होंने कर्मचारियों से कहा की किसी भी आपात या असुरक्षित स्थिति में संरक्षित रेल संचालन को सवोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए। समय पालना के दबाव में आकर कोई शॉर्ट कट नहीं अपनाना है।

### समिति की बैठक 28 को

**श्रीगंगानगर ।** जिला स्तरीय बैंक सलाहकार समिति की बैठक जिला कलक्टर सौरभ स्वामी की अध्यक्षता में 28 जून को सायं 4 बजे बजे जिला कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी।

अग्रणी जिला प्रबन्धक नरेशचन्द जैन ने बताया कि आयोजित बैठक में वार्षिक ऋण योजना 2022-23 की चतुर्थ तिमाही मार्च 2023 की प्रगति एवं समस्त सरकारी योजनाओं पर चर्चा की जाएगी।

# 'सैटेलाइट और जीपीएस तकनीक से रखेंगे यूआईटी के लैंड बैंक पर नजर'

**बीकानेर ।** नगर विकास न्यास द्वारा सैटेलाइट और जीपीएस तकनीक का उपयोग करते हुए लैंड बैंक का सम्पूर्ण रिकॉर्ड अपडेट किया जाएगा। इससे न्यास की सम्पूर्ण भूमि की ऑनलाइन जानकारी न्यास अभियंताओं के पास रहेगी और किसी व्यक्ति द्वारा इस पर अतिक्रमण किए जाने की तत्काल सूचना मिल सकेगी।

न्यास ट्रस्ट की बैठक में जिला कलक्टर और ट्रस्ट अध्यक्ष भगवती प्रसाद कलाल ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भुवनेश्वर मॉडल् की तर्ज पर न्यास क्षेत्र की सम्पूर्ण जमीन का सर्वे आधुनिक तकनीकी से किया जाएगा। ऐसा होने के बाद यदि भूमाफियाओं द्वारा किसी जमीन पर अतिक्रमण किया जाता है तो इसकी तत्काल जानकारी मिल जाएगी। उन्होंने बताया कि न्यास के समस्त रिकॉर्ड्स का डिजिटाइजेशन भी किया जाएगा। इससे न्यास के प्रत्येक डॉक्यूमेंट संरक्षित होगा तथा संबंधित कार्मिकों की जवाबदेही भी निर्धारित की जा सकेगी। जिला कलक्टर ने बताया कि जवाहर कला केन्द्र की तर्ज पर बीकानेर में बीकानेर कल्चरल कूब नाम से कला संस्थान की स्थापना की जाएगी। यह बीकानेर के कलाकारों युवाओं को प्रशिक्षण और प्रदर्शन के लिए एक मंच मिल सकेगा। उन्होंने इसके लिए भूमि चिन्हित करने के निर्देश दिए।

बैठक में क्रिश्चियन समुदाय के ग्रेव यार्ड के लिए चकगर्बी में भूमि आवंटन के अनुमोदन न्यास के दो मुंशियों को कनिष्ठ सहायक के पदों पर आमेलित करने राजस्थानी भाषा सहित्य एवं संस्कृति अकादमी को निःशुल्क भूमि आवंटन का प्रस्ताव राज्य सरकार को भिजवाने दीनदयाल सर्किल पर राजकीय भूमि का निःशुल्क आवंटन पुलिस विभाग को करने हज हाउस के लिए भूमि आवंटन के लिए एसटीपी से राय लेने मांड गायकी संस्थान के भूमि आवेदन के स्वीकृति के प्रस्ताव नगरीय विकास विभाग को भेजने पर चर्चा हुई।

इसी प्रकार अग्रवाल चेतना समाज समितिए पीपा क्षत्रिय समाज विश्वकर्मा मंदिर एवं सत्संग भवन सम्पति प्रन्यास को भूमि आवंटित करने के संबंध में भी निणर्य लिया गया। इसी प्रकार रांकावत देशस्थ ऋग्वेदी ब्राह्मण महासभा को गुरुकुल आश्रम के लिए निःशुल्क भूमि आवंटन तथा खत्री मोदी समाज समिति को अतिरिक्त भूमि आवंटन के प्रस्ताव राज्य सरकार को भिजवाने का निणर्य लिया गया। इसी प्रकार बीकानेर प्रेस कूब के लिए भूमि आरक्षित करने तथा अशोक नगर में फेसिलिटी की जमीन में श्मशान के लिए भूमि आरक्षित करने का निणर्य लिया गया। जिला कलक्टर ने पुराना जेल परिसर की भूमि के ब्लॉक डी स्थित भूखंडों तथा रीको रोड 5 के दो स्केडर्ट प्लॉट की नीलामी नियमानुसार प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। गंगाशहर में चांदमल बाग क्षेत्र में सब्जी मंडी बनाने मुस्लिम समाज के लिए चकगर्बी में कब्रिस्तान के लिए भूमि आवंटन करवाने पर भी विचार विमर्श किया गया। बैठक में नगर विकास न्यास सचिव यशपाल आहूजा नगर निगम आयुक्त केसरलाल मीणा जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता राजेश पुरोहित सावर्जनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता मुकेश गुप्ता सीनियर टाउन प्लानर मनीष कुमार सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद रहे।

## ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन

**बीकानेर,** रेलवे कूब बीकानेर मंडल द्वारा रेल कम्मियों एवं उनके परिवार जनों के लिए 12 से 18 जून तक ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें योगा टेबल टेनिस बास्केट बॉल बैडमिंटनए कैरम शतरंज एवं व्यक्तिगत विकास हेतु अनुभवी व्यक्तियों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा ।शिविर की समाप्ति पर करियर ओरिएंटेशन सेमिनार का आयोजन किया जाएगा जिसमें छात्रों को भविष्य में अपने लक्ष्य का चुनाव करने के उद्देश्य से कैरियर ओरिएंटेशन करियर उन्मुखीकरण प्रदान करना बताया जाएगा। सोमवार को शिविर का शुभारंभ योगाभ्यास से हुआ जिसमे मंडल रेल प्रबंधक गीतिका पांडे अपर मंडल रेल प्रबंधक एसएस चौहान वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी सुरेंद्र सिंह बारहठ अध्यक्षा रेलवे कूब एवं मंडल कार्मिक अधिकारी डॉ सुनीता चौधरी तथा मंडल के अधिकारी कर्मचारी एवं उनके परिवार जन सम्मिलित हुए। योगाभ्यास के साथ बैडमिंटन टेबल टेनिसए शतरंज आदि के प्रशिक्षण में रेलकम्मियों तथा परिवार जनों ने अति उत्साह के साथ भाग लिया।

# आपदा प्रबंधन मंत्री ने खारवाली में किया विकास कार्यों का लोकार्पण



आपदा प्रबंधन एवं सहायता मंत्री गोविंदराम मेघवाल ने विकास कार्यों का लोकार्पण किया।

**बीकानेर ।** आपदा प्रबंधन एवं सहायता मंत्री गोविंदराम मेघवाल ने सोमवार को खारवाली में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के मुख्य द्वार तथा सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया।

उन्होंने बताया कि विद्यालय के मुख्य द्वार का निर्माण एसएफसी द्वितीय तथा सामुदायिक भवन का निर्माण विधायक निधि कोष से करवाया गया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं में विकास के उद्देश्य के साथ कार्य किया जा रहा है तथा विकास में संसाधनों की कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने हर वर्ग को ध्यान में रखते हुए अनेक योजनाएं लागू की हैं और प्रत्येक बजट घोषणा में अनेक सौगातें दी हैं।

उन्होंने कहा कि आज खाजूवाला क्षेत्र में सड़क पानी बिजली जैसी आधारभूत सुविधाओं को विकसित किया जा रहा है। गांवों में उच्च जलाशय बनाए जा रहे हैंए जिससे अंतिम छोर तक बैठे व्यक्ति को पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने कहा कि सड़क तंत्र सुदृढ़ीकरण पर कार्य किया जा रहा है।

## योग दिवस की तैयारियां

**बीकानेर, ( कासं )।** अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को गांवों और शहरों में हजारों लोगों द्वारा सामूहिक योगाभ्यास करते हुए आरोग्यता का संदेश दिया जाएगा। इस दिन होने वाले कार्यक्रमों की पूर्व तैयारी के संबंध में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित हुई। इस दौरान जिला स्तरीय समारोह को भव्यता के साथ आयोजित करने पर चर्चा हुई। अतिरिक्त जिला कलेक्टर (नगर) हरि सिंह मीणा ने कहा कि मुख्य समारोह में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी रहे, इसके लिए सतत प्रयास किए जाएं। उन्होंने पब्लिक परिसर में प्रातः 7 से 8 तक आयोजित होने वाले मुख्य समारोह के मद्देनजर पेयजल, साफ-सफाई, बैठक व्यवस्था, सुरक्षा, मोबाइल टॉयलेट सहित अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा की और विभागीय अधिकारियों को समय रहते समस्त तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों से योगाभ्यास के लिए आने वाले लोगों को कोई परेशानी नहीं हो, सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने गांव-गांव में आयोजित होने वाले हैं योगाभ्यास कार्यक्रम के लिए आवश्यक स्टाफ नियुक्त करने के निर्देश दिए।

# गुरु गरवा का दो दिवसीय मेला संपन्न

**श्रीकोलायत ।** देशवाली कुम्हार पंचायती धर्मशाला श्रीकोलायत में गुरु गरबा महाराज की 747 वी पुण्यतिथि के उपलक्ष में दो दिवसीय मेला का आयोजन नेनुराम गेधर की अध्यक्षता में किया गया धर्मशाला के अध्यक्ष नेनु राम गेधर खारी ने बताया की गुरु गरबा की 747 में पुण्यतिथि पर कोलायत स्थित देशवाली कुम्हार पंचायती धर्मशाला में मेले और सभा का आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा नेता चंपालाल गेधर और कुम्हार समाज भारतीय प्रजापति हीरोज ऑर्गनाइजेशन के प्रदेश अध्यक्ष और भाजपा जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट अशोक प्रजापत रहे अति विशिष्ट अतिथि मानाराम मंगलाव,बी पी एच ओ जिला अध्यक्ष त्रिलोक चंद गेधर, जिला परिषद सदस्य पुरखाराम गेधर, श्रवण कुमार मंगलाव, धूड़ा राम गेधर, मास्टर हनुत राम बिराणिया, भामाशाह हरसुखराम गेधर, रहे।

धर्मशाला के पदाधिकारी दीपाराम गेधर ने बताया कि मेले में सभा से पूर्व शाम 6बजे हवन का कार्यक्रम किया गया। उसके बाद सामाजिक सम्मेलन का आयोजन किया गया कल सुबह महाआरती -देव यज्ञ - का कार्यक्रम किया जायेगा।

धर्मशाला के उप मंत्री देवकिशन सोखल ने बताया कि सभा को सम्मेलन को संबोधित करते हुए समाज के प्रदेश अध्यक्ष और भाजपा जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट अशोक प्रजापत ने कहां की समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करके ही हम गुरु गरबा को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करें ।

समाज में दहेज प्रथा, मृत्यु भोज, बाल विवाह जैसी कई कुरूतियां व्याप्त है जिनको हमें दूर करना है।

## ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर 15 से

**श्रीगंगानगर।** प्रतिभाखोज ग्रीष्म कालीन प्रशिक्षण शिविर 2023-24 का आयोजन 15 जून से 30 जून तक महाराजा गंगासिंह स्टेडियम, लालगढ जाटान व 11 टीके (रायसिंहनगर) में आयोजित किया जाएगा।

जिला खेलकूद अधिकारी ने बताया कि प्रतिभा खोज ग्रीमष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर 2023-24 के तहत आयोजित खेलों में एथलेटिक्स, तरंदाजी, बास्केटबॉल, खो-खो, हैण्डबॉल, कबड्डी, जूडो, हॉकी, वुशू तथा भारोतौलन राजकीय महाराजा गंगासिंह स्टेडियम में आयोजित किए जाएंगे। इसी प्रकार हैण्डबॉल लालगढ जाटान तथा वॉलीबॉल 11 टीके (रायसिंहनगर) में आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि खिलाडियों (बालक एवं बालिका) की आयु 12 से 18 वर्ष के मध्य होनी चाहिए।

# जेल में हुआ नौ कुंडीय गायत्री यज्ञ

■ सकरात्मक सोच, मंगलकामना के लिए हुआ यज्ञ

**श्रीगंगानगर।** अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन श्रीगंगानगर एवं अखिल विश्व गायत्री परिवार के संयुक्त तत्वाधान में 9 कुण्डी महायज्ञ का आयोजन जिला कारागृह में किया गया। 750 बंदियों की सकारात्मक सोच, मंगलकामना एवं मानसिक शांति हेतु इस यज्ञ का आयोजन विभिन्न मंत्रोचार एवं पूर्ण विधि विधान पूर्वक किया गया।

इस आयोजन में विमल बिहानी सरोज बिहानी अरुण लोहिया रूबी लोहिया एवं कार्यक्रम संयोजक ज्ञानेश्वर अग्रवाल दंपति के रूप में एवं महासम्मेलन के विनोद बिहानी, निशु बंसल, अश्वनी बिहानी, नवल सोनी, अरविंद बंसल यज्ञ में शामिल हुए। अतिथि के रूप में रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य भीम शर्मा एवं वरिष्ठ पत्रकार राकेश मितवा भी उपस्थित थे। जेल अधीक्षक डॉ. अभिषेक शर्मा भी पूर्ण समय यज्ञ में शामिल हुए।

अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के जिलाध्यक्ष विमल बिहानी एवं महासम्मेलन के सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों ने जेल अधीक्षक डॉ. अभिषेक शर्मा एवं सुरेंद्र कच्छवाह एवं गायत्री परिवार को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। शानदार कार्यक्रम संयोजन के लिए अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के वरिष्ठ सदस्य ज्ञानेश्वर अग्रवाल को भी सम्मानित किया गया। गायत्री परिवार की ओर से जेल अधीक्षक सहित स्टॉफ के अनेक सदस्यों को मदभगवाद गीता की प्रतियां भेंट की गई।

## साधारण सभा की बैठक 16 को

**श्रीगंगानगर,** 12 जून। जिला परिषद श्रीगंगानगर की विशेष साधारण सभा की बैठक 16 जून को दोपहर बाद 3 बजे जिला प्रमुख कुलदीप इंदौरा की अध्यक्षता में होगी। जिला परिषद सीईओ मुहम्मद जुनैद ने बताया कि जिला परिषद की विशेष साधारण सभा की बैठक 6 जून को आहुत की गई थी, जो कि कोरम के अभाव में स्थगित की जाने के उपरांत अब 16 जून को दोपहर बाद 3 बजे जिला परिषद में आहुत की गई है। ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग के पत्रांक की पालना में 16 जून को आयोजित होने वाली बैठक में डब्ल्यूडीसी-पीएमकेएसवाई 2.0 एवं आरजीजेएसवाई-द्वितीय के अंतर्गत स्वीकृत परियोजाओं की तैयार की गई। डीपीआर का अनुमोदन, मनरेगा वार्षिक प्लान 2023-24 का अनुमोदन और एसएफसी वार्षिक पालन वर्ष 23-24 सहित अन्य मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

# एफ.आर.टी. निजी कर्मचारियों का धरना जारी

**श्रीगंगानगर ।** जोधपुर विद्युत वितरण निगम लि. एफआरटी निजी कर्मचारी मंच सम्बद्ध भारतीय जनता मजदूर मंच, श्रीगंगानगर के तत्वावधान में हटाए गए एफआरटी निजी कर्मचारियों को वापिस बहाल करने सहित विभिन्न माँगों के निराकरण को लेकर अधीक्षण अभियंता कार्यालय के समक्ष चल रहा एफआरटी निजी कर्मचारियों का धरना सोमवार को सातवें दिन भी जारी रहा।

भारतीय जनता मजदूर मंच जिला महामंत्री प्रदीप पंडित 'कश्मीरी' ने बताया कि एफआरटी निजी कर्मचारियों के साथ हो रहे आर्थिक व मानसिक शोषण के खिलाफ गत सात दिनों से जारी धरना-प्रदर्शन के बावजूद जिला प्रशासन तथा विद्युत विभाग के उच्चाधिकारियों द्वारा इनकी समस्याओं के निराकरण के लिए कोई रूचि नहीं ली जा रही है। मजबूरन इसका खामियाजा शहरवासियों को भुगतना पड़. रहा है।

मंत्री आज आएंगे नोहर : खान, पेट्रोलियम एवं गौपालन मंत्री प्रमोद जैन 'भाया' मंगलवार को हनुमानगढ़ जिले के नोहर ब्लॉक में आएंगे। एडीएम श्रीमती प्रतिभा देवठिया ने बताया कि प्राप्त कार्यक्रम के अनुसार गौपालन मंत्री प्रमोद जैन भाया सोमवार शाम 7 बजे बीकानेर से रवाना होकर 10.30 बजे हनुमानगढ़ सर्किट हाउस पहुंचेगे और वहीं रात्रि विश्राम करेंगे । मंगलवार सुबह 9.30 बजे हनुमानगढ़ से नोहर के लिए रवाना होंगे और 11 बजे नोहर के रामपुरा पट्टी में नंदीशाला का लोकार्पण करेंगे । श्रीमती देवठिया ने बताया कि नोहर में नंदीशाला का लोकार्पण कर दोपहर 2 बजे सालासर के लिए रवाना होंगे ।

## कल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी

**बीकानेर,** 12 जून। केश कला बोर्ड के अध्यक्ष महेंद्र गहलोत ने सोमवार को लूणकरणसर एवं श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा किया। उन्होंने नापासर, सींथल, मूंडसर, साधासर, मसूरी, बिदासरिया, कुचोर अगुणी, बादनू, सांवतसर, दुलचासर, सूडसर, देराजसर, नोरंगदेसर, सहजरासर आदि गांवों में स्थानीय नागरिकों से मुलाकात की। गहलोत ने बादनू अपना परिवार सेवा सदन का औचक निरीक्षण किया एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने यहां रहने वाले बच्चों से मुलाकात की। संस्था के अध्यक्ष रामेश्वर लाल बिश्नोई ने साफ पहनाकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर केश कला बोर्ड अध्यक्ष गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा विभिन्न जनहितैषी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। मुख्यमंत्री चिरंजीवी बीमा योजना के तहत 25 लाख रूपए तक का उपचार निःशुल्क दिया जा रहा है। इसके अतिरिक्त 500 रूपए में गैस सिलेण्डर, 5 लाख रूपए का दुर्घटना बीमा, न्यूनतम 1000 रूपए सामाजिक सुरक्षा पेंशन, किसानों को 2000 एवं घरेलू उपभोक्ताओं को 200 यूनिट निशुल्क बिजली, अन्नपूर्णा किट, पशु बीमा जैसी योजनाओं से आमजन को महंगाई की मार से राहत मिली है।

# खुशालचंद रंगा की पुण्यतिथि पर किया वृक्षारोपण



बीकानेर में खुशालचंद रंगा की पुण्यतिथि मनाई।

**बीकानेर,** सखा संगम बीकानेर के तत्वावधान में वरिष्ठ खेल प्रशासक एवं जिला क्रीड़ा परिषद के पूर्व सचिव खुशालचंद रंगा की पुण्यतिथि के अवसर पर पुष्पांजलि. विचाराजंलि तथा वृक्षारोपण कार्यक्रम स्थानीय ब्रह्म बगीचा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान अशोक का वृक्ष लगाए गए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सखा संगम के अध्यक्ष एनडी रंगा ने की तथा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थानी भाषा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के कोषाध्यक्ष वरिष्ठ साहित्यकार राजेन्द्र जोशी थे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि शहर जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष एडवोकेट हीरालाल हर्ष रहे। इस अवसर पर वरिष्ठ लघु कथाकार अशफाक कादरी ने खुशालचंद रंगा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। साहित्यकार राजाराम स्वर्णकार ने खुशालचंद रंगा द्वारा शैक्षणिक क्षेत्र में किए गए नवाचारों पर विस्तार से पत्र वाचन किया। इस अवसर पर बोलते हुए हैं एनडी् रंगा ने कहा कि खुशाल चंद रंगा को अपनत्व भाव से देखा जाना चाहिए उन्होंने सदैव आत्मीयता एवं अपनत्व को तरजीह दी।

## तम्बाकू मुक्ति के लिए टोकना दोनों जरूरी'

**बीकानेर।** प्रदेश में 31 मई से संचालित किए जा रहे 'टोबैको फ्री यूथ कैम्पेन' के तहत 60 दिवसीय जन-जागरुकता कैम्पेन, कोटपा एक्ट के प्रावधानों के अनुसार सार्वजनिक स्थानों पर तम्बाकू का सेवन पर रोक लगाने के लिए चालान कार्यवाहियों सहित सामुदायिक स्तर पर इसके प्रति जन-जागरुकता विकसित करने की गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। मिशन निदेशक एनएचएम डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से इसकी 60 दिवसीय कायर्योजना में संचालित गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि तम्बाकू मुक्ति के लिये रोकना और टोकना दोनों विशेष रूप से आवश्यक हैं। उन्होंने स्कूलों, ग्राम पंचायत भवनों, शैक्षणिक- चिकित्सा संस्थानों इत्यादि को तम्बाकू मुक्त करने के लिये निर्धारित किये गये 9 मापदण्डों के अनुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए। मिशन निदेशक ने सामुदायिक स्तर पर जागरुकता के लिये शैक्षणिक संस्थानों में तम्बाकू मुक्ति एवं इसके प्रभाव विषय पर पेंटिंग एवं स्लोगन प्रतियोगिताएं, यूथ सेल्फी प्रतियोगिता आदि गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए।

# 'प्रत्येक पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में जोड़े'



एईआरओ तथा स्वीप प्रकोष्ठ की एक दिवसीय कार्यशाला हुई

**बीकानेर** 12 जून। स्वीप से संबंधित 21 विभागों समर्पित एईआरओ तथा स्वीप प्रकोष्ठ की एक दिवसीय कार्यशाला जिला परिषद सभागार में आयोजित हुई। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी भगवती प्रसाद कलाल ने कहा कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में जोड़ने तथा शत-प्रतिशत मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने में स्वीप गतिविधियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 21 विभागों को भी स्वीप कॉर्डिनेटर के रूप से जोड़ा गया है। प्रत्येक विभाग स्वीप नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए समस्त करवाएंगे। उन्होंने कहा कि आगामी समय में मतदाता जागरूकता की सघन गतिविधियां आयोजित की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदाता पंजीकरण के हिसाब से सबसे कम लिंगानुपात वाले मतदान केंद्रों पर विशेष कैंपेन चलाया जाए। ग्राम पंचायत स्तर पर चुनावी पाठशालाओं का आयोजन लोक कलाकारोंए कार्टूनए वोटर मित्र तथा सोशल मीडिया के माध्यम से प्रत्येक मतदाता तक मतदान का संदेश पहुंचाएं।

जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी तथा स्वीप प्रभारी नित्या के् ने कहा कि स्वीप कैलेंडर के अनुसार आयोजित कार्यक्रमों का डाक्यूमेंट्स किया जाए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से स्वीप के संबंध में निर्धारित प्राथमिकताओं की जानकारी दी।नगर निगम आयुक्त केशर लाल मीणा ने मतदाता जागरूकता गतिविधियों के परिणाम की जानकारी दी। सहायक निदेशक जनसंपर्क हरिशंकर आचार्य ने प्रारंभिक स्वीप की परिकल्पना तथा उद्देश्यों के बारे में बताया। अतिरिक्त जिला कलेक्टर नगर हरि सिंह मीणा भी बतौर अतिथि मौजूद रहे।

## साप्ताहिक समीक्षा बैठक हुई

**बीकानेर,** 12 जून। जिला कलक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने सोमवार को आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में बजट घोषणाओं की समयबद्ध अनुपालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही जिला स्तर पर आयोजित होने वाले लाभार्थी उत्सवों के प्रभावी आयोजन के लिए निर्देशित किया।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में उन्होंने कहा कि पशुपालन विभाग द्वारा 16 जून को आयोजित होने वाले लाभार्थी उत्सव से जुड़ी सभी तैयारियां समय पर कर ली जाएं। लाभार्थियों को बुलाने और उनके आने जाने सहित सभी अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा की।उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि महंगाई राहत शिविरों में पंजीकरण से वंचित लाभार्थियों की सूची तैयार कर उनके पंजीकरण का कार्य समय पर पूरा किया जाए।

जिला कलेक्टर सभी विभागों की बजट घोषणाओं और अब तक की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि मानसून को मध्य नजर जिले के सभी कार्यालयों में एंटी लारवा गतिविधियां आयोजित करवाई जाएं तथा इनकी नियमित मॉनिटरिंग करवाई जाए। उड़ान योजना की प्रभावी मॉनिटरिंग के निर्देश दिए।